**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding filling up of backlog vacancies of SC & ST and OBCs.

**श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की बैकलाग भर्ती की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।

मान्यवर, 1/1/2018 तक अनुसूचित जाति के 27,499 पद खाली थे, अनुसूचित जनजाति के 12,334 पद और अन्य पिछड़े वर्गों के 9,165 पद खाली पड़े हैं, जिनकी भर्ती नहीं हो पाई है । भर्ती न होने की वजह से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के मेधावी छात्र, जो सर्विस के लिए भागदौड़ कर रहे हैं, उनके अंदर बड़ी निराशा पैदा हो रही है । इसलिए इन पदों का भरा जाना अत्यंत आवश्यक है ।

मैं चाहता हूं कि इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाए और इस तरह का एक विधेयक संसद में लाया जाए कि चाहे केन्द्र सरकार की सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त शासी संस्थाएं हों, चाहे राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाली सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त शासी संस्थाएं हों, उन सभी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की बैकलाग भर्ती के जो पद खाली पड़े हैं, उनके लिए यह फिक्स कर दिया जाए कि किसी वर्ष में 31 दिसम्बर तक जो भी पद खाली होते हैं, उनको पूरा का पूरा भर दिया जाए । इस तरह का एक कानून बनाने का काम किया जाए । आपके माध्यम से, सरकार से मेरी यही मांग है । धन्यवाद ।

**माननीय सभापति** :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कौशल किशोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।